## पाठ 4 पत्रकारीय लेखन के विभिन्न रूप और लेखन प्रक्रिया

प्रश्न 1. समाचार पत्रों में विचारपरक लेखन के अंतर्गत आते हैं

(क) लेख (ख) टिप्पणियां

(ग) संपादकीय (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 2. लोकतांत्रिक समाज में अखबार की भूमिका नहीं है

(क) पहरेदार की (ख) शिक्षक की

(ग) जनमत निर्माता की (घ) किसी राजनीतिक दल के समर्थन करने की

प्रश्न 3. पत्रकारिता का संबंध किससे है

(क) तथ्यों से (ख) भविष्य की योजनाओं से

(ग) कल्पना से (घ) आदर्श से

प्रश्न 4. पत्रकारीय लेखन में कैसी भाषा का प्रयोग किया जाता है

(क) आलंकारिक एवं विशेषणों से युक्त भाषा (ख) संस्कृतनिष्ठ भाषा

(ग) आम बोलचाल की सरल ,सहज भाषा (घ) सामासिक पदावली से युक्त भाषा

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य संपादक का है

(क) संपादक समाचार एकत्र करते हैं

(ख) संपादक घटनास्थल पर जाकर घटना का जायजा लेते हैं

(ग) समाचार पत्र की नीति,आचार संहिता और जनकल्याण का विशेष ध्यान रखते हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 6. एक अच्छे और रोचक फीचर के साथ क्या होना जरूरी है

(क) रेखांकन (ख) ग्राफिक्स (ग) फोटो (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन सा फीचर लेखन का प्रकार नहीं है

(क) समाचार बैकग्राउंडर (ख) खोजपरक फीचर

(ग) साक्षात्कार फीचर (घ) सांस्कृतिक फीचर

प्रश्न 8. समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी ,मानक और बुनियादी शैली है

(क) सीधा पिरामिड शैली (ख) उल्टा पिरामिड शैली

(ग) कथात्मक शैली (घ) फीचर लेखन शैली

प्रश्न 9. उल्टा पिरामिड शैली में

(क) कहानी की तरह क्लाइमेक्स अंत में आता है

(ख) समाचारों में क्लाइमेक्स होता ही नहीं है

(ग) सबसे महत्वपूर्ण तथ्य, सूचना या जानकारी को सबसे पहले बताया जाता है

(घ) पिरामिड को उल्टा कर दिया जाता है

प्रश्न 10. समाचार लेखन के छह ककारों का क्रम बताइए

(क) कौन, कब ,क्यों ,कहां ,कैसे ,क्या  (ख) क्या, कौन ,कहां, कब ,क्यों, कैसे

(ग) क्यों ,कैसे ,कब, कहां ,कौन ,क्या  (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11. समाचार के मुखड़े में कौन से चार ककार आते हैं

(क) क्या ,कौन, कब ,कहां  (ख) कहां, कब ,क्यों, कैसे

(ग) क्यों ,कब, कहां ,कौन  (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 12. क्या, कौन, कब और कहां चारों ककार किस पर आधारित होते हैं

(क) रचनात्मकता पर  (ख) कल्पनाओं और आदर्शों पर

(ग) सूचनाओं और तथ्यों पर  (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 13. कैसे और क्यों ककार आधारित होते हैं

(क) विवरण,व्याख्या और विश्लेषण पर  (ख) तथ्यों और सूचनाओं पर

(ग) कलात्मकता पर  (घ) सृजनात्मकता पर

प्रश्न 14. उल्टा पिरामिड शैली का विकास हुआ ?

(क) 19 वीं सदी के मध्य से  (ख) अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान

(ग) प्रथम विश्व युद्ध के दौरान  (घ) भारत की आजादी की लड़ाई के दौरान

प्रश्न 15. 19वीं सदी में अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान संवाददाता अपनी खबरें किसके जरिए भेजते थे

(क) टेलीफोन से  (ख) समाचार पत्र द्वारा

(ग) टेलीग्राफ संदेशों के द्वारा  (घ) मोबाइल द्वारा

प्रश्न 16. फीचर होता है?

(क) बैठक या सभा की कार्यवाही का विवरण  (ख) सुव्यवस्थित,सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन

(ग) वस्तुनिष्ठ लेखन  (घ) नीरस शोध रिपोर्ट

प्रश्न 17. फीचर का उद्देश्य है

(क) पाठकों को सूचना देना,शिक्षित करना एवं मुख्य रूप से उनका मनोरंजन करना

(ख) पाठकों का मन बहलाना

(ग) देश की परिस्थितियों से अवगत कराना

(घ) चेहरे की भाव भंगिमा बताना

प्रश्न 18. समाचार पत्र की आवाज किसे माना जाता है ?

(क) फीचर को  (ख) संपादक के नाम पत्र स्तंभ को

(ग) संपादकीय को  (घ) स्तंभ लेखन को

प्रश्न 19. निरंकुश कलम समाज के विनाश का कारण बन सकती है। लेकिन अंकुश भीतर का होना चाहिए, बाहर का अंकुश तो और भी जहरीला होगा। यह कथन किसका है

(क) पंडित जवाहरलाल नेहरू  (ख) महात्मा गांधी

(ग)  लाल बहादुर शास्त्री (घ) डॉ राजेंद्र प्रसाद

प्रश्न 20. सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध तथ्यों,सूचनाओं और आंकड़ों की गहरी छानबीन करने वाली रिपोर्ट को क्या कहते हैं ?

(क) खोजी रिपोर्ट (ख) इन-डेप्थ रिपोर्ट

(ग) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट (घ) विवरणात्मक रिपोर्ट

प्रश्न 21. भ्रष्टाचार,अनियमितताओं और गड़बड़ियों को उजागर करने वाली रिपोर्ट कहलाती है ?

(क) विवरणात्मक रिपोर्ट (ख) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट

(ग) इन-डेप्थ रिपोर्ट (घ) खोजी रिपोर्ट

प्रश्न 22. इंट्रो में कितने ककारों को आधार बनाकर खबर लिखी जाती है ?

(क) छह ककार (ख) दो ककार

(ग) चार ककार (घ) तीन ककार

प्रश्न 23. संपादकीय किसी व्यक्ति विशेष के नाम से  नहीं छापा जाता है। क्योंकि

(क) व्यक्ति विशेष का विचार होता है (ख) किसी व्यक्ति विशेष का विचार नहीं होता है

(ग)  किसी जन समूह का विचार होता है (घ)  पूरे अखबार की आवाज होती है

प्रश्न 24. समाचार पत्रों में छपने वाले फीचर में लगभग कितने शब्द होने चाहिए ?

(क) 500 से 5000 शब्द (ख) 250 से 2000 शब्द

(ग) 1000 से 3000 शब्द (घ)  250 से 1500शब्द

प्रश्न 25. समाचार लेखन कौन करते हैं ?

(क) कवि (ख) संवाददाता या रिपोर्टर

(ग) जनता (घ) लेखक

प्रश्न 26. संपादकीय लेखन के विषय में कौन सा कथन असत्य है ?

(क) संपादकीय किसी व्यक्ति विशेष का लेख नहीं होता है (ख) यह अनाम लेख होता है

(ग)  इसे अखबार की अपनी आवाज माना जाता है . (घ) यह आत्मनिष्ठ लेख होता है

प्रश्न 27. संपादकीय लिखने का दायित्व किस पर होता है ?

(क) संवाददाता पर (ख) संपादक पर

(ग) संपादक के सहयोगियों पर (घ) ख और ग दोनों सही हैं

प्रश्न 28. स्तंभ लेखन किस का एक प्रमुख रूप होता है ?

(क) समाचारों का (ख) विचारपरक लेखन का

(ग) संपादकीय का (घ) खेल समाचारों का

प्रश्न 29. अखबारों का स्थायी स्तंभ होता है ?

(क) साक्षात्कार (ख) फीचर

(ग) संपादक के नाम पत्र (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 30. किसी समाचार पत्र के संपादकीय पृष्ठ के सामने के पृष्ठ पर विचारपरक लेख,टिप्पणियां और स्तंभ प्रकाशित होते हैं,उस पृष्ठ को कहते हैं ?

(क) पेजथ्री (ख) मुखपृष्ठ

(ग) ऑप-ऐड (घ) कार्टून पन्ना

प्रश्न 31. ऑप-एड पृष्ठ है

(क) समाचार पत्र का पहला पृष्ठ (ख) संपादकीय पृष्ठ के सामने छपने वाला पृष्ठ

(ग) खेल समाचार वाला पृष्ठ (घ) समाचार पत्र का अंतिम पृष्ठ

प्रश्न 32. संपादकीय को किसकी आवाज माना जाता है ?

(क) संपादकीय को देश की आवाज माना जाता है (ख) संपादक की आवाज माना जाता है

(ग) अखबार की आवाज माना जाता है (घ) संपादक मंडल की आवाज माना जाता है

प्रश्न 33. समाचार लेखन का कार्य कौन करता है

(क) पूर्णकालिक पत्रकार (ख) अंशकालिक पत्रकार

(ग) क व ख दोनों (घ) फ्रीलांसर

प्रश्न 34. संपादकीय पृष्ठ पर पाठकों का अपना स्तंभ कौन सा होता है

(क) स्तंभ लेखन (ख) संपादक के नाम पत्र

(ग) विचारपरक लेख (घ) टिप्पणियां

प्रश्न 35. संपादक के नाम पत्र स्तंभ के विषय में कौन सा कथन असत्य है

(क) इस स्तंभ के माध्यम से पाठक विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करते हैं

(ख) इस स्तंभ के माध्यम से पाठक जन समस्याओं को उठाते हैं

(ग) यह स्तंभ नए लेखकों के लिए लेखन की शुरुआत करने का अवसर देता है

(घ) इस प्रकार के पत्रों से किसी प्रकार का लाभ नहीं होता

प्रश्न 36. पत्रकारीय लेखन के लिए पत्रकार कच्चा माल किसके माध्यम से एकत्र करते हैं

(क) स्तंभ लेखन के माध्यम से (ख) संपादकीय के माध्यम से

(ग) समाचारों के माध्यम से (घ) साक्षात्कार के माध्यम से

प्रश्न 37. एक सफल साक्षात्कार के लिए साक्षात्कारकर्ता में कौन से गुण होने चाहिए

(क) ज्ञान और संवेदनशीलता होनी चाहिए (ख) कूटनीति होनी चाहिए

(ग) धैर्य और साहस जैसे गुण होने चाहिए (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 38. समाचार लिखते हुए मुख्यतः कितने सवालों के जवाब देने की कोशिश की जाती है

(क) 9 (ख) 6 (ग) 5 (घ) 7

प्रश्न 39. पत्रकारिता में सर्वाधिक महत्व किस बात का है?

(क)  चाटुकारिता का　　　　　　　　　(ख) समसामयिक घटनाओं का

(ग) समीक्षाओं का　　　　　　　　　(घ) वर्णन का

प्रश्न 40. फीचर लेखन के कितने प्रकार हैं

(क) 10　　　　(ख) 4　　　　(ग) 5　　　　(घ) कई प्रकार

प्रश्न 41. महत्त्वपूर्ण,लोकप्रिय लेखकों के लेखों की नियमित शृंखला को किस नाम से जाना जाता है

(क) स्तंभ लेखन　　　　　　　　　(ख)  बीट रिपोर्टिंग

(ग) विशेषीकृत रिपोर्टिंग　　　　　　　　(घ) फीचर लेखन

| **उत्तरमाला  (पाठ 4. –पत्रकारीय लेखन के विभिन्न रूप और लेखन प्रकिया)** |
| --- |
| उत्तर- 1.(घ)  2.(घ)  3.(क)  4.(ग)  5.(ग)  6.(घ)  7.(घ)  8.(ख)  9.(ग)<br>10.(ख)  11.(क)  12.(ग)  13.(क) 14.(ख)  15.(ग)  16.(ख)  17.(क)  18.(ग)  19.(ख) 20.(ख)<br>21.(घ) 22.(ग) 23.(घ) 24.(ख) 25.(ख) 26.(घ) 27.(घ) 28.(ख) 29.(ग) 30.(ग)  31.(ख)<br>32.(ग) 33.(ग) 34.(ख) 35.(घ) 36.(घ) 37.(घ) 38.(ख) 39.(ख) 40.(घ) 41.(क) |

**********************************************************************************************